# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

## प्रबन्ध मण्डल की 36वीं बैठक दिनांक 07.08.2019

### कार्यवृत

प्रबन्ध मण्डल की **36वीं** बैठक दिनांक **07.08.2019** को प्रातः 11:30 बजे विश्वविद्यालय के अतिथि–गृह स्थित बैठक–कक्ष में माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| | **प्रो० नीलिमा सिंह**<br>माननीया कुलपति महोदया,<br>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | अध्यक्ष |
| 2 | **डॉ. मोहम्मद नईम**<br>नामित सदस्य, सचिव,<br>उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार,<br>जयपुर | सदस्य |
| 3. | **प्रो. जॉन वर्गीस**<br>कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य | सदस्य |
| 4. | **श्री भरत सिंह कुन्दनपुर**<br>माननीय विधायक, सांगोद, कोटा<br>राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित सदस्य | सदस्य |
| 5. | **श्री के.एम. हिरोनी**<br>राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद | सदस्य |
| 6. | **डॉ. जगदीश प्रसाद सैनी**<br>राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद | सदस्य |
| 7. | **डॉ. रफीक मोहम्मद कुरेशी**<br>प्राचार्य, राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, कोटा<br>राज्य सरकार द्वारा नामित राजकीय महाविद्यालय, प्राचार्य | सदस्य |
| 8. | **डॉ. राजवन्त सन्धु**<br>प्राचार्य, प्रगती शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय, कोटा<br>राज्य सरकार द्वारा नामित निजी महाविद्यालय, प्राचार्य | सदस्य |
| 9. | **प्रो. आशु रानी**<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता | सदस्य |
| 10. | **प्रो० रीना दाधीच**<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य | सदस्य |
| 11. | **डॉ० सुरेश चन्द्र शर्मा**<br>कुलसचिव | सदस्य सचिव |

सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर; आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर; प्रो. अरविन्द कुमार, कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य; श्री पानाचंद मेघवाल, माननीय विधायक बारां–अटरू एवं प्रो. एन.के. जैमन, कुलपति द्वारा नामित आचार्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा माननीय कुलपति महोदया एवं उपस्थित माननीय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर विस्तृत बिन्दुवार चर्चा कर निम्नानुसार संकल्प/निर्णय पारित किये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–1 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनाँक 04.10.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की 35वीं बैठक दिनांक 04.10.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–2 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनाँक 04.10.2018 में लिये गये निर्णयों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 04.10.2018 में लिये गये निर्णयों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक के मद सं. 2 जिसमें कि विगत बैठक दिनांक 24.07.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन जिन सुझावों/टिप्पणियों के साथ अनुमोदित किया गया, उन पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाहियों की विस्तार से चर्चा की गई।<br><br>डॉ. प्रवीण गोयल के निलम्बन के आदेशों को बहाल किये जाने संबंधी प्रकरण में सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि डॉ. गोयल को उपकुलसचिव (सामान्य प्रशासन) का कार्यभार आवंटित किया गया है। उन्हें सम्बद्धता, परीक्षा, स्थापना व लेखा एवं वित्त अनुभाग का महत्वपूर्ण कार्यभार आवंटित नहीं किया गया है। डॉ. गोयल को उपकुलसचिव (सामान्य प्रशासन) का कार्यभार देने पर मो. नईम, नामित सदस्य, सचिव उच्च शिक्षा ने कहा कि सामान्य प्रशासन भी तो महत्वपूर्ण व संवेदनशील अनुभाग है। उक्त पर किसी अन्य सदस्य द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गई। चर्चा के दौरान माननीय विधायक, भरत सिंह जी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी व्यक्ति को बहाल किये जाने संबंधी संपूर्ण प्रकरण को मुझे पृथक से अवगत कराया जाए।<br><br>उक्त बैठक के कार्यवाही विवरण के मद सं. 3 के संदर्भ में भरत सिंह जी, माननीय सदस्य ने कहा कि चयन संबंधी प्रकरण पर आक्षेप लगाना व्यक्ति की नकारात्मकता को दर्शाता है। प्रबन्ध मण्डल की बैठक में नकारात्मक सोच रखने वाले नहीं आऐं। सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए हम किस तरह से विश्वविद्यालय का विकास कर सकते है, की सोच के साथ बैठक में उपस्थित होना चाहिए। चयन संबंधी संपूर्ण प्रकरण को पृथक से अवगत कराने हेतु माननीय विधायक महोदय ने बैठक में अपनी बात कही।<br><br>उक्त टिप्पणीयों व सुझावों के साथ प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 04.10.2018 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–3 | : | **विद्या–परिषद् की बैठक दिनाँक 09.07.2019 में लिये गये निर्णयों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | विद्या–परिषद् की बैठक दिनांक 09.07.2019 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। साथ ही प्रो. जॉन वर्गीस, माननीय सदस्य ने संपूर्ण प्रबन्ध मण्डल की ओर से राज्य सरकार को नये पदों की स्वीकृति के लिए पत्र प्रेषित करने की बात रखी जिसका सभी माननीय सदस्यों द्वारा समर्थन किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–4 | : | **वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.03.2019 व 18.07.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना (वित्तीय वर्ष 2019–20 के बजट अनुमान तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 के संशोधित बजट से संबंधित अनुशंषाओं को अनुमोदित करना)।** |
| निर्णय | : | वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.03.2019 व 18.07.2019 के कार्यवाही विवरण को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही श्री भरत सिंह जी, माननीय विधायक द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में फलों के वृक्ष तथा उन वृक्षों को जिनका कि चट्टानी क्षेत्र में आसानी से विकास हो सके, लगाने का सुझाव दिया गया। विश्वविद्यालय परिसर में Horticulture पाठ्यक्रम प्रारंभ तथा विद्यार्थियों को उक्त पाठ्यक्रम में अध्ययन करने हेतु प्रेरित करने का भी सुझाव दिया जिसे माननीय सदस्यों ने सहर्ष पारित किया। |
| मद संख्या–5 | : | **निरीक्षण मंडल (Board of Inspection) की दिनांक 03.10.2018, 23.10.2018, 25.10.2018, 31.05.2019 व 18.06.2019 को आयोजित हुई बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | निरीक्षण मण्डल की बैठक दिनांक 03.10.2018, 23.10.2018, 25.10.2018, 31.05.2019 व 18.06.2019 को आयोजित हुई बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। साथ ही दिनांक 03.10.2018 के मद सं. 06 में दो समितियां बनाने संबंधी अनुशंषा को निष्प्रभावी करने का निर्णय लिया गया। |
| मद संख्या–6 | : | **विश्वविद्यालय में कार्यरत संविदा कर्मियों की संविदा अवधि में दिनांक 01.01.2019 से 30.06.2019 तक की अवधि यथा छः माह के लिए सेवाओं में की गई अभिवृद्धि संबंधी माननीय कुलपति महोदय के आदेशों को रिपोर्ट करना तथा इन्ही कार्मिको की संविदा अवधि में दिनांक 01.07.2019 से आगामी एक वर्ष के वृद्धि सम्बंधी प्रस्तावों का अनुमोदन करवाना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्याल में कार्यरत संविदा कर्मियों की संविदा अवधि में दिनांक 01.01.2019 से 30.06.2019 तक की अवधि यथा छः माह के लिए सेवाओं में की गई अभिवृद्धि संबंधी माननीय कुलपति महोदय के आदेशों की पुष्टि की गई। छः संविदा कार्मिकों की संविदा अवधि में दिनांक 01.07.2019 से आगामी एक वर्ष के लिए वृद्धि संतोषजनक कार्य करने वाले कार्मिकों की किये जाने की अनुशंषा की गई। उक्त कार्मिकों की सेवाऐं जिस कार्य हेतु ली जा रही है, उक्त के समकक्ष पद के वेतनमान में 7वें वेतन का न्यूनतम दिए जाने की भी अनुशंषा की गई। |
| मद संख्या–7 | : | **कोटा विश्वविद्यालय अतिथि गृह प्रबन्धन समिति की दिनांक 05.04.2019 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय अतिथि गृह प्रबन्धन समिति की दिनांक 05.04.2019 को अयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। मद सं. 5 में उल्लेखित अतिथि गृह के गार्डन व डायनिंग हॉल को किराए पर देने के संबंध में सिर्फ विश्वविद्यालय कार्मिकों को ही दिए जाने की प्रबन्ध मण्डल द्वारा अनुशंषा की गई। |
| मद संख्या–8 | : | **भवन समिति की बैठक दिनांक 30.01.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | भवन समिति की बैठक दिनांक 30.01.2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन निम्नांकित टिप्पणियों / निर्णयों के साथ किया गया –<br>(i) मद सं. 9 में उल्लेखित विश्वविद्यालय परिसर में ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य के संबंध में 600 की क्षमता के स्थान पर 1500 की क्षमता का बनाने की अनुशंषा की गई।<br>(ii) मद सं. 15 में उल्लेखित विश्वविद्यालय परिसर में पेयजल की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय अपने स्तर से जल को संग्रहित व शुद्ध (Purify) कर पीने योग्य बनाने की अनुशंषा की गई। विश्वविद्यालय में Rain Water Harvesting System भी बनाने की अनुशंषा की गई।<br>(iii) श्री भरत सिंह, माननीय सदस्य ने प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय परिसर में भवनों के निर्माण के सम्बंध में प्राथमिकता निश्चित की जावे। इस पर सदन द्वारा निम्नानुसार भवनों के निर्माण हेतु प्राथमिकता तय की गई–<br>1.कन्या छात्रावास 2.फॉर्मेसी भवन |

| | | |
|---|---|---|
| | | 1.कन्या छात्रावास 2.फॉर्मेसी भवन<br>3.जीव विज्ञान भवन 4.ऑडिटोरियम |
| मद संख्या–9 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत् महिला कार्मिकों को राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में चाईल्ड् केयर लीव स्वीकृत किये जाने सम्बन्धी माननीया कुलपति महोदया के आदेशो की पुष्टि करवाना :–** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत् महिला कार्मिकों को राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में चाईल्ड केयर लीव स्वीकृत किये जाने संबंधी माननीया कुलपति महोदया के आदेशों की पुष्टि की गई। |
| मद संख्या–10 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत् शिक्षकों को केरियर एड़वान्समेन्ट स्कीम (सी.ए. एस.) के तहत् पदौन्नति प्रदान करने हेतु आयोजित करवायी गई Screening cum Evaluation Committee की बैठक दिनांक 10.12.2018 की अनुशंषाओं (बन्द लिफाफा) सम्बन्धी प्रकरण प्रबन्ध मण्ड़ल के समक्ष विचारार्थ एवं यथोचित कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :–** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत शिक्षकों को केरियर एड्वान्समेन्ट स्कीम (सी.ए. एस.) के तहत् पदौन्नति प्रदान करने हेतु आयोजित करवायी गई Screening cum Evaluation Committee की बैठक दिनांक 10.12.2018 की अनुशंषाओं (बन्द लिफाफा) को राज्य के आदेश क्रमांक प 1(6)/शिक्षा–4/2010 पार्ट–I, जयपुर दिनांक 09.07.2019 को दृष्टिगत रखते हुए नहीं खोला गया। भविष्य में राज्य सरकार से कोई नवीन निर्देश प्राप्त होते है तो तद्नुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए माननीया कुलपति महोदया को अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या–11 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में महात्मा ज्योतिबा फुले शोध पीठ को स्थापित करने के संबंध में निर्णय करना।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में महात्मा ज्योतिबा फुले शोध पीठ को स्वयं अपने साधनों से स्थापित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही डॉ. के.एम. हिरोनी, माननीय सदस्य द्वारा कहा गया कि विश्वविद्यालय में पूर्व में स्थापित समस्त पीठों की उपयोगिता के आधार पर पुर्नविचार किया जावे। उन पीठों को भविष्य में संचालित करने के संबंध में निर्णय भी उस आधार पर लिए जाने की सदन द्वारा अभिशंषा की गई। |
| मद संख्या–12 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत् अनुभागाधिकारी स्तर तक के कर्मचारियों को अनाज अग्रिम राशि स्वीकृत करने सम्बन्धी प्रकरणः–** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यरत् अनुभागाधिकारी स्तर तक के कर्मचारियों को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में प्रचलित नियमों के अनुसार अनाज अग्रिम राशि स्वीकृत करने संबंधी प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–13 | : | **राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर के पत्र क्रमांक 3133 दिनांक 16.04.2019 के कम में विश्वविद्यालय में 3600 या इससे कम ग्रेड पे के पदों पर भर्ती राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के माध्यम से करवाये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव प्रबन्ध मण्ड़ल के समक्ष अवलोकनार्थ एवं समुचित आदेशार्थ प्रस्तुत है :–** |
| निर्णय | : | राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर के पत्र क्रमांक 3133 दिनांक 16.04.2019 के क्रम में विश्वविद्यालय में 3600 या इससे कम ग्रेड पे के पदों पर भर्ती राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के माध्यम से करवाये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल द्वारा निरस्त कर अमान्य किया गया। |
| मद संख्या–14 | : | **विश्वविद्यालय परिसर में स्थायी एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के माध्यम से तैयार करायी गयी परियोजना (अनुमानित व्यय रू. 10 करोड़) की विश्वविद्यालय के स्वयं के आय स्त्रोतों से सम्पन्न कराने पर विचार–विमर्श एवं निर्णय करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय परिसर में स्थायी एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के माध्यम से तैयार करायी गयी परियोजना की विश्वविद्यालय के स्वयं के आय स्त्रोतों से संपन्न कराने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त |

| | | |
|---|---|---|
| | | परियोजना को सम्पन्न कराने में अधिक व्यय को देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में Water Storage करने की व्यवस्था को लागू करने की अनुशंषा की गई। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में Rain Water Harvesting System को स्थापित करने की भी अनुशंषा की गई। |
| मद संख्या–15 | : | **विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में Radio Frequency Identificaion (RFID) की तकनीक (System) लागू करने हेतु।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में Radio Frequency Indentification (RFID) की तकनीक को लागू करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। |
| मद संख्या–16 | : | **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के स्पोर्टस बोर्ड में प्रबन्ध–मण्डल के सदस्यों एवं शारीरिक शिक्षकों में से मनोनयन किया जाना।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के सपोर्टस बोर्ड में प्रबन्ध मण्डल के सदस्य के रूप में डॉ. के.एम. हीरोनी एवं शारीरिक शिक्षकों में से श्री अमर सिंह यादव का मनोनयन किया गया। |
| मद संख्या–17 | : | **अन्य मद कुलपति की अनुमति से** |
| (i) | : | माननीय कुलपति महोदया की अनुमति से डॉ. के.एम. हिरोनी ने सदन को अवगत कराया कि कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के अतिरिक्त किसी भी अन्य राजकीय विश्वविद्यालय में चेयरमेन, परीक्षा को चार पहिया वाहन/टैक्सी की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। इस संबंध में कोई नियम नहीं होने के कारण सदन ने चैयरमेन, परीक्षा को उक्त सुविधा देने के संबंध में पुनः विचार करने की अभिशंषा की गई। |
| (ii) | : | विश्वविद्यालय में Teachers Welfare Fund की जो राशि जमा होती है उस राशि से विश्वविद्यालय में अन्य विश्वविद्यालय व संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय से पधारने वाले शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टॉफ को रियायती दर में ठहरने के लिए सुविधार्थ कोई भवन विश्वविद्यालय परिसर में बनवाया जावे, की सहमति सदन में व्यक्त की गई। |
| (ii) | : | गांधी जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में श्री भरत सिंह जी, माननीय सदस्य द्वारा राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात वक्ता का भव्य कार्यक्रम ऑडिटोरियम में आयोजित करने की बात रखने पर सदन ने सहर्ष सहमति प्रदान की। |

अन्त में कुलपति महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

**बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।**

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव